5. लिंग

शब्दों की पुरुष या स्त्री जाति का बोध लिंग द्वारा होता है। सजीव या निर्जीव सभी वस्तुओं का एक लिंग निर्धारित है। क्रिया या विशेषण के द्वारा भी वस्तुओं, प्राणियों के लिंग का बोध होता है।

- पाठ पृष्ठ पर दिए उदाहरण चित्रों व वाक्यों के द्वारा बच्चों को लिंग समझाएँ।
- बच्चों से लिंग की परिभाषा जानें तथा उन्हें लिंग के भेदों–पुल्लिग, स्त्रीलिंग से अवगत करवाएँ।
- पाठ पृष्ठ पर दिए पुल्लिग और स्त्रीलिंग शब्दों के उदाहरणों द्वारा समझाएँ।
- बच्चों से पुल्लिग–स्त्रीलिंग शब्दों की सूची पढ़वाएँ। एक छात्र पुल्लिग शब्द पढ़े, एक छात्रा स्त्रीलिंग शब्द पढ़े।
- सभी बच्चों को शब्द पढ़ने का अवसर दें।
- कुछ शब्द नित्य स्त्रीलिंग होते हैं तथा कुछ नित्य पुल्लिग। समझाएँ तथा शब्द पढ़वाएँ।
- सभी बच्चों पर ध्यान दें। बीच–बीच में हलकी–फुलकी बातचीत द्वारा बच्चों की रोचकता बनाए रखें।
- अप्राणिवाचक संज्ञा के लिंग की पहचान करना सिखाएँ। क्रिया और विशेषण के प्रयोग द्वारा लिंग की पहचान करवाएँ।
- मौखिक अभ्यास के प्रश्नों के उत्तर बच्चों से पूछें।
- बच्चों द्वारा किया अभ्यास जाँचें।